DATE :- 01-01-2026
DAINIK BHASKAR, PAGE-02, SURAT





**यह तस्वीर है**, सूरत के मेट्रो प्रोजेक्ट की। चार साल से मेट्रो चलने का इंतजार कर रहे सूरतियों को 2026 में इस ट्रैक पर मेट्रो ट्रेन चलती नजर आएगी। हालांकि वे इसमें अभी सफर नहीं कर पाएंगे, लेकिन ट्रायल रन देख सकेंगे। ट्रायल रन सफल होने के बाद मेट्रो का कॉमर्शियल रन शुरू होगा और लोग उसमें सफर कर सकेंगे। लाइन-1 और 2 का काम तेजी से चल रहा है। सबसे पहले ड्रीम सिटी से कादरशा की नाल तक मेट्रो का ट्रायल होगा। फोटो- रितेश पटेल

**नए साल से नई आशाएं** | सूरत को एमएमटीएच, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे सहित कई प्रोजेक्ट मिलेंगे

# मार्च में आएंगे मेट्रो रेक, फिर होगा ट्रायल रन, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जुड़ जाएगा सूरत

**सूरत**| नया साल सूरत के पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के लिए खास रहेगा। 2026 में एक तरफ जहां मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन होगा तो दूसरी तरफ हाई स्पीड बुलेट रेल प्रोजेक्ट का सूरत स्टेशन भी बनकर तैयार हो गया है। सूरत रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं के विस्तार के लिए चल रहा मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) प्रोजेक्ट का एक फेज पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट में सूरत, नवसारी और वलसाड कनेक्ट हो जाएंगे। जिससे लोग कम समय में आरामदायक सफर कर सकेंगे।

## प्रायोरिटी कॉरिडोर में 5 किमी तक बिछा ट्रैक

मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए नया साल बेहद अहम है। मार्च में ड्रीम सिटी डिपो में मेट्रो ट्रेन के सेट आ जाएंगे। साथ ही ड्रीम सिटी से कादरशाह की नाल तक मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन शुरू हो जाएगा। लाइन-1 और 2 का काम तेज रफ्तार से चल रहा है। सबसे तेज काम लाइन-1 पर प्रायोरिटी सेक्शन में हुआ है। ड्रीम सिटी से कादरशाह की नाल तक कुल 11 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड प्रायोरिटी सेक्शन में से लगभग 6 किलोमीटर में मेट्रो रेल लाइन बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। यह ट्रैक अलथान गाम से लेकर कादरशाह की नाल तक अलग-अलग हिस्सों में बिछाया गया है, जिससे इस कॉरिडोर की संरचना अब साफ तौर पर आकार लेने लगी है।

मेट्रो स्टेशनों की बात करें तो अलथान गाम मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य लगभग 60 फीसदी, जबकि अन्य एलिवेटेड स्टेशनों का सिविल वर्क भी 40 से 50% तक पूरा हो गया है। अंडरग्राउंड सेक्शन में चौक बाजार से कापोद्रा तक लगभग 6 किलोमीटर लंबी अप और डाउन लाइन की टनल तैयार हो चुकी हैं। इस सेक्शन में अब रेल ट्रैक बिछाने का काम चल रहा है। इसके साथ ही सभी 5 अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों के बॉक्स का निर्माण भी पूरा कर लिया गया है। ड्रीम सिटी में मेट्रो रेल के डिपो के सिविल वर्क के साथ और ट्रैक बिछाने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

## बुलेट प्रोजेक्ट का सूरत स्टेशन होगा तैयार





### सूरत बुलेट स्टेशन का सिविल वर्क पूरा हुआ

नए साल 2026 की शुरुआत कनेक्टिविटी की दृष्टि से सूरतवासियों के लिए बड़ी सौगात लेकर आ रही है। अंत्रोली में बन रहे हाई-स्पीड बुलेट रेल स्टेशन के तैयार हो जाने की संभावना है। बुलेट स्टेशन का सिविल कार्य 100 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस साल इसका इंटीरियर कार्य भी पूरा होने की उम्मीद है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है और इसका सीधा लाभ सूरत को मिलने वाला है। 508 किलोमीटर लंबी इस महत्वाकांक्षी परियोजना में अब तक 330 किमी वायाडक्ट और 408 किमी पिलर का काम पूरा हो चुका है। नदी पुलों, ट्रैक बेड, ओएचई मास्ट और नॉइज बैरियर जैसे अहम कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। बुलेट ट्रेन से न सिर्फ सूरत की कनेक्टिविटी को नई उड़ान मिलेगी, बल्कि व्यापार, उद्योग और रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

**नई पहचान...**

## MMTH प्रोजेक्ट में कॉन्कोर्स व बस टर्मिनल हो जाएंगे तैयार



- सूरत रेलवे स्टेशन पर मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्टेशन हब (MMTH) तेजी से आकार ले रहा है। फेज-1 का 46 प्रतिशत सिविल वर्क पूरा हो चुका है। GSRTC बस टर्मिनल बिल्डिंग का 96%, पूर्वी दिशा में स्टेशन भवन का 42% और कॉन्कोर्स लेवल का 40% काम पूरा हो चुका है। 2026 में यात्रियों के लिए फेज-1 के खुलने की पूरी उम्मीद है।
- **MMTH प्रोजेक्ट के पूरा होने पर सूरत देश का पहला ऐसा रेलवे स्टेशन होगा, जहां रेल, मेट्रो, GSRTC, बीआरटीएस बस की सुविधा एक ही परिसर में मिल जाएगी। स्टेशन पर ही 33,188 वर्गमीटर में बन रहा इंटर-स्टेट बस टर्मिनल, मेट्रो स्टेशन और बीआरटीएस बस यात्रियों को वन-कनेक्ट सुविधा देगी।**
- डिजाइन एमएमटीएच अपने आधुनिक डिजाइन, मल्टी लेवल पार्किंग, 40 लिफ्ट, 70 एस्केलेटर, हाई-टेक सुरक्षा और स्मार्ट सिस्टम से लैस होगा। यह हब सूरत को पहचान देगा। 2026 में फेज-1 की शुरुआत के साथ ही सूरत के ट्रांसपोर्ट सिस्टम में अहम बदलाव देखने को मिलेगा।

**नई रफ्तार**

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से मिलेगी हाई स्पीड कनेक्टिविटी

